



**खबर संक्षेप**



## सैलून संचालक से मारपीट आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** चक्रधरनगर पुलिस ने अंबेडकर चौक स्थित सैलून दुकान में मारपीट करने वाले आरोपी शेख अजरूद्दीन उर्फ अज्जू पठान को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। 8 अक्टूबर को थाना चक्रधरनगर में प्रार्थी विजय श्रीवास पिता दैतारी श्रीवास निवासी बंगलापारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका सैलून अंबेडकर चौक पर स्थित है। 7 अक्टूबर की रात करीब 8.30 बजे आरोपी अज्जू पठान निवासी पंजरी प्लांट रायगढ़ उसके दुकान में आया और शराब पीने के लिए 200 रुपए की मांग करने लगा। पैसा न देने पर उसने गाली-गलौज की और माचिस निकालकर दुकान में आग लगाने की धमकी दी। जब प्रार्थी ने उसे रोका तो आरोपी ने उसके साथ हाथ-मुक्का से मारपीट कर दी। आसपास के दुकानदारों ने पहुंचकर किसी तरह विवाद शांत कराया। शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी के जलाए गए झाड़ू और लकड़ी के पाटा का पंचनामा तैयार किया। आरोपी की पहचान शेख अजरूद्दीन उर्फ अज्जू पठान के रूप में हुई। पूछताछ में उसने अपराध करना स्वीकार किया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी अज्जू पठान पूर्व में भी मारपीट, आर्म्स एक्ट और जुआ एक्ट के मामलों में आरोपी रह चुका है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

## विडंबना : तालाब का मेड़ और उबड़-खाबड़ रास्ता ही एकमात्र सहारा

# निगम में शामिल हुए बीते 14 साल, फिर भी मरघट्टीपारा वासियों के नसीब में नहीं सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वार्ड क्रमांक 47 विजयपुर का मरघट्टी पारा 14 साल पहले नगर निगम शामिल हुआ है, तब से लेकर आज तक इस मोहल्ले में प्रवेश करने के लिए एक सडक़ तक नहीं बनी है। तालाब का मेड़ और उबड़-खाबड़ रास्ता ही यहां के लोगों का एकमात्र सहारा है। बारिश के दिनों में यह मोहल्ला डबरी में तब्दील हो जाता है। शहर सरकार और वार्ड पार्षद भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे लोगों का जीना हराम हो गया है।

मरघट्टी पारा पहले ग्राम पंचायत में आता था। साल 2012 में यह मोहल्ला नगर निगम में शामिल हुआ। निगम में शामिल होने के 14 साल बाद भी मरघट्टी पारा किसी बिहड़ ग्रामीण क्षेत्र की तरह नजर आता है। यहां के रहवासी मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर हैं। आज तक उनके नसीब में एक अदद सडक़ तक नहीं है। स्थानीय पार्षद भी उनकी समस्या का समाधान नहीं कर पा रहे हैं। जिससे अब क्षेत्रवासियों में आक्रोश पनपने लगा है। मरघट्टीपारा की आबादी करीब 200 है, जिसमें 150 मतदाता शामिल हैं। उनके द्वारा सालों से क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से एक सडक़ की मांग की जाती रही है, लेकिन किसी भी पार्षद ने उनकी नहीं सुनी। विजयपुर पेट्रोल पंप के सामने स्थित तालाब का मेड़ एक रास्ता है जहां से लोग पैदल आना-जाना करते हैं। क्योंकि यह मेड़ काफी पतली है, जिससे दुपहिया वाहन इसमें गुजर नहीं पाती और अगल-बगल खाई होने से गिरने का खतरा बना रहता है। इसके अलावा उत्सव मैरिज गार्डन के सामने एक रास्ता है जोकि काफी जर्जर है। यहां पैदल चलने से भी लोग अनियंत्रित हो जाते हैं। इसी रास्ते को बनवाने के लिए क्षेत्रवासी जद्दोजहद कर रहे हैं, लेकिन उनकी कोई नहीं सुन रहा है। वर्तमान में यह मोहल्ला डबरी में तब्दील हो गया है। बड़े-बड़े गड्ढे, कीचड़ और फिसलन से लोगों का गुजरना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बारिश में उनका आना-जाना बंद हो जाता है।



### शादी-विवाह में भी पैदा होता है अड़चन

स्थानीय लोगों ने बताया कि मोहल्ले में सडक़ नहीं होने से यहां शादी-विवाह में भी अड़चन पैदा होता है। किसी तरह लडक़ों की शादी तो हो जाती है, लेकिन सडक़ के अभाव में बेटियों से जल्दी कोई विवाह नहीं करता। कुछ लोगों ने बताया कि वो अपनी बेटियों का विवाह अपने गृह ग्राम में जाकर करते हैं। इस तरह यहां के लोग भारी समस्या से गुजर रहे हैं।

### चुनाव में सिर्फ वोट मांगने आते हैं नेता

स्थानीय लोगों ने बताया कि जब पार्षद चुनाव आता है तो आसपास के नेता सक्रिय हो जाते हैं और इनके मोहल्ले में डेरा जमा कर उन्हें इस कदर झांसे में लेते हैं कि पूरे मोहल्ले का नक्शा ही बदल देंगे। वहीं भोले-भाले लोगों को गुमराह कर उन्हें वोट मांगते हैं। चुनाव के बाद पार्षद यहां झांकने तक नहीं आते। इसी तरह विधानसभा चुनाव में भी होता है। यह मोहल्ला लैलूंगा विधानसभा में आता है, लेकिन कभी भी कोई विधायक यहां नहीं आते।

### तत्कालीन कमिश्नर ने भी देखा था हाल, फिर भी नहीं ली सुध

कुछ साल पहले तत्कालीन निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी इस वार्ड के निरीक्षण में पहुंचे थे। तब उन्होंने भी देखा कि मरघट्टी पारा वालों के आने-जाने के लिए कोई सडक़ ही नहीं है। इसके बाद भी उन्होंने इस ओर कोई रूचि नहीं दिखाई और बिना कुछ कहे ही वहां से चले गए। जबकि जब श्री चंद्रवंशी इस मोहल्ले में पहुंचे थे तब लोगों में एक उम्मीद थी कि जनप्रतिनिधि नहीं तो कम से कम अधिकारी ही उनके लिए कुछ करेंगे, लेकिन उनकी उम्मीद पर भी पानी फिर गया था। इसके बाद तो कभी कोई कमिश्नर यहां के निरीक्षण में पहुंचे की नहीं।

### अपनी सरकार होने के बाद भी पार्षद बेबस

बीते दो कार्यकाल से इस वार्ड में बीजेपी के पार्षद रहे हैं। कांग्रेस शासनकाल में पद्मुलाल प्रजा यहां के वार्ड पार्षद थे, उस वक्त वो शहर में कांग्रेस की सरकार होने से उनकी सुनवाई नहीं होने की बात कहते हुए अपने कर्तव्यों से पल्ला झाड़ रहे थे। वर्तमान में इस वार्ड की पार्षद उनकी पत्नी संतोषी प्रजा हैं, जोकि बीजेपी पार्षद हैं। अब तो शहर में भाजपा की सरकार भी है, बावजूद इसके वो अपने वार्डवासियों के लिए एक सड़क नहीं बनवा पा रहे हैं, जिससे क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

मरघट्टीपारा जाने के लिए विजयपुर पेट्रोल पंप के सामने तालाब किनारे मेड़ को वैकल्पिक रास्ता बनाया गया है, जिसमें स्थानीय निवासी आना-जाना कर रहे हैं और दुपहिया वाहन भी गुजर रही है। बात रही उत्सव गार्डन के सामने मार्ग के जीर्णोद्धार की तो वह वन विभाग की जमीन है। इसलिए यहां निर्माण कार्य कराने में पेंच फंस रहा है। इस संबंध में पूर्व में भी वन विभाग के अधिकारियों से बात की गई थी और फिर से चर्चा कर समस्या का समाधान निकाला जाएगा।

**संतोषी पद्मुम लाल प्रजा**
पार्षद, वार्ड क्रमांक 47

## 15 सूत्रीय मांगों को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी और आदिवासी समाज कर रहे आन्दोलन



# ग्रामीणों ने किया चक्काजाम वाहनों की लगी लंबी कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी और छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के तत्वावधान में गुरुवार की सुबह 9 बजे से छाल क्षेत्र के खेदापाली चौक में ग्रामीणों ने 15 सूत्रीय मांगों को लेकर सड़कों पर उतरकर आंदोलन और चक्काजाम शुरू कर दिया। इस आंदोलन के कारण मार्ग पर भारी वाहनों की लंबी कतारें लग गईं है।

दरअसल छाल क्षेत्र के आधे दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीणों ने 29 सितंबर को तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा था। उन्होंने कहा था कि यदि 8 अक्टूबर तक उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो 9 अक्टूबर को आंदोलन किया जाएगा, इसी क्रम में गुरुवार की सुबह यह आंदोलन शुरू हो गया। छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र सिदार ने बताया कि छाल क्षेत्र के ग्रामीण पिछले कई वर्षों से हाथी समस्या, फसल नुकसान, जमीन अधिग्रहण और कोयला खदानों से जुड़ी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। इसके चलते उन्होंने अपनी 15 सूत्रीय मांगें रखी हैं।

### आन्दोलनकारियों की यह है प्रमुख मांग

- हाथी, जंगली सुअर और बंदरों से फसल नुकसान पर मुआवजा औ सरकारी नौकरी।
- यूरिया खाद की काला बाजार रोक कर उचित मूल्य पर उपलब्ध कराना।
- केसीसी कर्ज में फसल नुकसान होने पर कर्ज माफ करना।
- पीढ़ी-दर-पीढ़ी काबिज कास्तकारों को भू-स्वामी हक।
- विकासखंड में अनुसूचित जाति एवं पेशा कानून का पालन।
- गोदावरी एनर्जी कंपनी से अधिग्रहित भूमि वापस करना।
- बिना सहमति के कोल ब्लॉक प्रस्तावों को निरस्त करना।
- जर्जर सड़कों का निर्माण व डिवाइडर लगाना।
- कोयला परिवहन से जाम लगने वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई।
- एसईसीएल के सीएसआर और डीएमएफ मद का उचित उपयोग।
- ठेका श्रमिकों को निर्धारित एचपीसी वेज भुगतान।
- 8 घंटे से अधिक श्रमिकों से कार्य न लेना।
- खदान प्रभावित ग्रामीणों को रोजगार में वरीयता।
- अधिग्रहित भूमि के आश्रित परिवारों को रोजगार शिविर।
- बिना तिरपाल ढके कोयला परिवहन रोकना।



खबर संक्षेप

### खेतों को रौंदने के बाद हाथी ने ब्राह्मणी नदी में घंटों नहाया

**राउरकेला।** सुंदरगढ़ जिले के बनाई अनुमंडल के कुलीपोष क्षेत्र में गुरुवार को एक दांतदार जंगली हाथी टस्कर ने भारी उत्पात मचाया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, हाथी ने पहले क्षेत्र के धान के खेतों को रौंदकर गंभीर नुकसान पहुंचाया, जिससे ग्रामीण काफी परेशान और चिंतित हो उठे। फसल बर्बादी देखकर किसानों का रोष और डर बढ़ गया। खेतों में उत्पात मचाने के बाद हाथी ब्राह्मणी नदी में चला गया और लगभग 2-3 घंटे तक नदी में नहाता रहा। वन विभाग के कर्मचारी हाथी को भगाने के लिए लगातार प्रयासरत रहे, लेकिन वह नदी में ही शरण लिए रहा। रातभर वनकर्मियों ने हाथी को किसी दूसरी दिशा में खदेड़ने की कोशिश की। सुबह होते होते, वन कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद हाथी को नदी से बाहर निकालने में सफलता पाई। हालांकि ग्रामीण अब भी फसलों के नुकसान और भविष्य में इस तरह की घटनाओं को लेकर चिंतित हैं। वन विभाग ने स्थानीय लोगों से सतर्क रहने और हाथी को परेशान न करने की अपील की है।

### आईटीआई रायगढ़ में दीक्षांत समारोह

**रायगढ़।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ एवं शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ में वर्ष 2024-25 के एनसीव्हीटी व्यवसायों में उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत माँ सरस्वती की वंदना, दीप प्रज्वलन एवं राजकीय गीत के साथ हुई। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को नेशनल ट्रेड सर्टिफिकेट एवं अंकसूची के साथ साथ 19 व्यवसायों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को पदक प्रदान किए गए। कार्यक्रम में विशेष रूप से सीटीएस पाठ्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त कुण वैष्णवी चौहान कोपा 2024-25 एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पुसौर के वेल्डर ट्रेड के सिद्धार्थ यादव को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष पुरस्कार, प्रमाण पत्र एवं पदक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आशीष मिश्रा, विभागाध्यक्ष, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, किरोड़ीमल शासकीय पॉलिटेक्निक उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि के रूप में अमरजीत सिंह वाधवा रायगढ़ तथा संस्था के भूतपूर्व प्राचार्य केएल पटेल उपस्थित थे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता पीएल खुंटे, प्राचार्य, शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ एवं जिला नोडल प्राचार्य डीएस नागेश द्वारा की गई।

### पीएलएफआई संगठन के 2 सदस्य गिरफ्तार



**राउरकेला।** राउरकेला रेलवे स्टेशन से पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया संगठन के दो सदस्यों को आरपीएफ ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार दोनों गिरफ्तार पीएलएफआई सदस्य झारखंड के लातेहार क्षेत्र के निवासी हैं। वे धनबाद से झारसुगुड़ा की ओर ट्रेन से यात्रा कर रहे थे। सुबह करीब 9 बजे आरपीएफ ने ट्रेन कोच से दोनों को उतारकर राउरकेला आरपीएफ थाने में हिरासत में ले लिया। सूत्रों के मुताबिक, राउरकेला पुलिस की एक टीम आरपीएफ थाने पहुंची और गिरफ्तार सदस्यों से पूछताछ की। पुलिस जांच में पता चला है कि दोनों आरोपी 5 अक्टूबर की रात झारखंड के लातेहार जिले के चांदवा थाना क्षेत्र के तोरी रेलवे स्टेशन के पास स्थित कोयला साइडिंग क्षेत्र में गोलीबारी की घटना में शामिल थे। घटना के बाद से दोनों फरार चल रहे थे। सुबह धनबाद एसपी प्रभात कुमार द्वारा दी गई खुफिया जानकारी के आधार पर आरपीएफ ने दोनों पीएलएफआई सदस्यों को ट्रेन से गिरफ्तार किया। वर्तमान में दोनों आरोपियों को आरपीएफ की हिरासत में रखा गया है, और आगे की जांच जारी है।

कुनकुरी पुलिस की सतर्कता से मिली सफलता

# गौ तस्करी के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में चल रहे ऑपरेशन अंकुश के तहत जशपुर पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। थाना कुनकुरी पुलिस ने गौ तस्करी के मामले में फरार चल रहे आरोपी इफ्तिखार आलम उम्र 35 वर्ष,निवासी साईं टांगर टोली थाना लोदाम, को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

■ चार गौवंशों को पहले ही छुड़ाया जा चुका था तस्करों के चंगुल से

मामला ग्राम पंडरीपानी थाना कुनकुरी का है। 30 अप्रैल 2025 को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पंडरीपानी कृषि कॉलेज के पास एक टाटा सुमो क्रमांक जेएच 08 ए 8765 में चार नग गौ वंशों को बेरहमी से रस्सी से बांधकर तस्करी की जा रही है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना कुनकुरी पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर चारों गौ वंशों को सकुशल छुड़ाया और वाहन को जब्त कर लिया था।



**गौ वंश तस्करी में संलिप्त किसी को बख्शा नहीं जाएगा:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि गौ वंशों की तस्करी में संलिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस लगातार ऐसे अपराधों पर सख्त कार्रवाई कर रही है ताकि जिले में इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जा सके।

**वाहन नंबर के आधार पर, टेक्निकल टीम की सक्रियता से हुआ गिरफ्तार:** पुलिस ने वाहन के नंबर के आधार पर तस्करी में शामिल आरोपियों की पहचान कर ली थी, जिनमें से कुछ आरोपी फरार थे। इन्हीं में से एक था इफ्तिखार आलम, जिसकी तलाश पुलिस लगातार कर रही थी। पुलिस की मुखबिर तंत्र और टेक्निकल टीम की सक्रियता के चलते जानकारी मिली कि आरोपी अपने गृहग्राम साईं टांगर टोली में छिपा हुआ है। इस पर थाना कुनकुरी पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए उसे त्वरित कार्रवाई में गिरफ्तार कर लिया।

**इन धाराओं में अपराध हुआ दर्ज:** आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 के तहत अपराध दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

**कार्रवाई में इनकी रही भूमिका:** इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कुनकुरी निरीक्षक राकेश कुमार यादव, प्रधान आरक्षक आदित्य साय, आरक्षक प्रदीप एक्का, दयाराम पोटाई एवं अवधेश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**आरोपी ने स्वीकार किया अपराध, गाड़ी उसी की है:** पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया और बताया कि तस्करी में प्रयुक्त टाटा सुमो वाहन उसी की है तथा उसने अपने दो अन्य फरार साथियों के साथ मिलकर गौ तस्करी की योजना बनाई थी। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर अन्य आरोपियों को भी चिन्हित कर लिया है और उनकी तलाश जारी है।

# आम नागरिकों और पुलिस के बीच अब होगा सीधा संवाद




हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा ने पुलिस और आम नागरिकों के बीच संवाद को और मजबूत बनाने एक नई तकनीकी पहल की है।

■ आईजी दीपक कुमार झा ने लॉन्च किया क्यूआर कोड

अब सरगुजा रेंज के नागरिक मोबाइल से मात्र एक क्यूआर कोड स्कैन कर सीधे पुलिस को फीडबैक दे सकेंगे या शिकायत दर्ज करा सकेंगे। इस डिजिटल पहल का शुभारंभ पुलिस-ऑर्डिनेशन सेंटर, सरगुजा भवन में किया गया, जिसका उद्देश्य आम जनता और पुलिस के बीच संवाद को पारदर्शी और सरल बनाना है। आईजी दीपक कुमार झा ने बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में लगभग हर व्यक्ति मोबाइल फोन का उपयोग करता है। ऐसे में यह क्यूआर कोड आम नागरिकों को त्वरित सहायता और संवाद का सरल माध्यम प्रदान करेगा। इसके माध्यम से शहरी ही नहीं बल्कि दूरस्थ ग्रामीण अंचलों के लोग भी सीधे पुलिस तक अपनी बात पहुंचा सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस माध्यम से प्राप्त सभी फीडबैक और शिकायतों की मॉनिटरिंग वे स्वयं करेंगे, और प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी।

### सभी थानों और सार्वजनिक स्थानों पर उपलब्ध रहेगा क्यूआर कोड

सरगुजा रेंज के सभी जिला मुख्यालयों, थानों, चौकियों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में यह क्यूआर कोड लगाया जा रहा है, ताकि नागरिक किसी भी स्थान से इसका उपयोग कर सकें। आईजी झा ने कहा कि यह पहल पुलिस के प्रति जनता के विश्वास को और मजबूत करेगी। इससे पुलिसिंग में पारदर्शिता आएगी और थानों व चौकियों की जवाबदेही भी बढ़ेगी। उन्होंने इसे "जनता और पुलिस के बीच संवाद का सेतु" बताते हुए कहा कि यह माध्यम पुलिसिंग के प्रति जनता की राय और सुझाव जानने में मील का पत्थर साबित होगा।

### एसएसपी ने की नागरिकों से अपील

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने बताया कि सरगुजा रेंज आईजी दीपक कुमार झा के नेतृत्व में यह अभिनव पहल पुलिस और जनता के बीच सरल संवाद स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। जशपुर पुलिस इसे व्यापक स्तर पर प्रचारित कर रही है। एसएसपी ने नागरिकों से अपील की कि वे क्यूआर कोड स्कैन कर सीधे पुलिस से संवाद करें और अपनी प्रतिक्रिया अवश्य दें।

# सचिव के विरुद्ध लामबंद हुए ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिले के बगीचा जनपद अंतर्गत मुढ़ी ग्राम पंचायत के ग्रामीण पंचायत सचिव की मनमानी और भ्रष्टाचार से त्रस्त होकर अब खुलकर विरोध पर उतर आए हैं। ग्रामीणों ने सचिव कमलनारायण यादव के विरुद्ध सीएम, कलेक्टर और जिला सीईओ को लिखित शिकायत भेजी है,जिसमें कई अनियमितताओं की जांच व कठोर कार्रवाई की मांग की गई है।



**जिला पंचायत की टीम ने पाया बिना कार्य का आहरण:** शिकायत के आधार पर जिला पंचायत से गठित जांच टीम बुधवार को मुढ़ी गांव पहुंची। जांच के दौरान टीम ने पाया कि गांव में नाली निर्माण कार्य हुआ ही नहीं, जिसमें लगभग तीन लाख रुपये का आहरण किया जा चुका है। टीम ने यह भी खुलासा किया कि सचिव ने अपने पिता के नाम पर वन अधिकार पट्टा जारी करवाया है। इसके अलावा, कई ग्रामीणों को दो माह से राशन नहीं मिलने की बात भी सामने आई।

**ग्रामीणों की लड़ाई के कारण जांच टीम हुई वापस:** जांच के दौरान जब सचिव की कथित गड़बड़ियां उजागर होने लगीं, तो सचिव समर्थक ग्रामीणों और शिकायतकर्ताओं के बीच तनाव की स्थिति बन गई। मौके पर गाली-गलौज और झूमाझटकी तक की नौबत आ गई, जिसके चलते जांच टीम को वहां से लौटना पड़ा।

**ग्रामीणों ने मामले की शिकायत पंडरापाठ चौकी में कराई दर्ज:** इसके बाद ग्रामीणों ने पंडरापाठ चौकी में मामले की शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक सचिव कमलनारायण यादव को निलंबित कर निष्पक्ष जांच नहीं कराई जाती, वे आंदोलन जारी रखेंगे।

### 15 प्रतिभागियों ने सीखा सिलाई व बैग निर्माण

**कांसाबेल।** जीवन झरना विकास संस्था द्वारा जुलाई से सितम्बर तक ग्रामीण क्षेत्र की युवातियों के लिए निःशुल्क सिलाई एवं बैग निर्माण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में 15 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। संस्था ने इन युवतियों का चयन उन वर्गों से किया जो आर्थिक समस्याओं से जूझ रही थीं, प्रेम प्रसंग और लैंगिक अपराध से मुक्त कराई गई थीं तथा आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता महसूस कर रही थीं। तीन माह तक चले इस प्रशिक्षण में सिलाई और बैग बनाने के साथ साथ टमाटर, निम्बू, आंवला, महुआ का अचार, केक, लड्डू, और झुमर बनाने की विधि भी सिखाई गई। इसके साथ ही मानव तस्करी रोकथाम, बाल विवाह रोकथाम और लैंगिक अपराध जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। बच्चों और लड़कियों से जुड़ी सच्ची घटनाओं के उदाहरण देकर प्रतिभागियों को आत्म - सुरक्षा के उपाय बताए गए। समापन अवसर पर जीवन झरना विकास संस्था द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण किए गए और उन्हें अपने सीखे हुए कौशल का उपयोग कर स्वावलम्बी बनने तथा परिवार की आर्थिक मदद करने का सुझाव दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस तीन माह की अवधि में उन्होंने न केवल सिलाई और अन्य कौशल सीखे बल्कि बड़ों का आदर करना, अनुशासन में रहना, सही ढंग से बात करना और किसी के बहकावे में न आना जैसे जीवनोपयोगी ज्ञान भी प्राप्त किया।

## बजरंग दल के 41वें स्थापना दिवस पर बिलाईगढ़ में रक्तदान शिविर



**बिलाईगढ़।** रक्तदान जीवनदान के संदेश को सार्थक करते हुए विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल बिलाईगढ़ प्रखंड के तत्वावधान में 8 अक्टूबर को देवांगन भवन, समलाई माता मंदिर परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन किया गया। सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चले इस शिविर में क्षेत्र के युवाओं, महिलाओं और नागरिकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन का माहौल पूर्णतः सामाजिक, सेवाभाव और उत्साह से भरा रहा। आयोजकों ने कहा कि रक्तदान केवल एक दान नहीं, बल्कि जीवन बचाने का संकल्प है। यह मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। इस अवसर पर विहिप अध्यक्ष नरेंद्र देवांगन, पालू देवांगन, तुषार देवांगन, प्रतीक श्रीवास, आकाश देवांगन, भूपेंद्र देवांगन, दुर्गेश देवांगन, सोमनाथ राकेश, विकास देवांगन, दीपक राकेश, मुकेश केवट, सुमित देवांगन, अनीता राकेश, गोविंद यादव, देवेंद्र देवांगन और यमन देवांगन सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। रक्त संग्रहण के लिए संकट मोचन ब्लड सेंटर केरा रोड, शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा, छत्तीसगढ़ का विशेष सहयोग रहा। ब्लड सेंटर की टीम ने थैलेसीमिया और सिकल सेल जैसे गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया।

# मेरे घर की छत केवल ऊर्जा का स्रोत नहीं, बल्कि बचत और स्वावलंबन की प्रतीक : मनोज

**रायगढ़।** लैलूंगा विकासखंड के पाकरगांव निवासी मनोज जायसवाल ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाकर ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। शासन की इस जनकल्याणकारी योजना के माध्यम से उन्होंने न केवल अपने घर की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति की है, बल्कि बिजली बिल से भी मुक्ति प्राप्त कर ली है। श्री जायसवाल ने अपने घर की छत पर 5 किलोवाट क्षमता का रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित कराया है। अगस्त 2025 माह में उनके सोलर पैनल से कुल 290 यूनिट बिजली का उत्पादन हुआ। इस उत्पादन पर उन्हें 1552 रुपए की छूट प्राप्त हुई, जिसके परिणामस्वरूप उनका बिजली बिल ऋणात्मक 1753 रुपए रहा। अब उन्हें बिजली बिल का भुगतान नहीं करना पड़ता, बल्कि भविष्य के बिलों में इस राशि का समायोजन भी किया जा रहा है।

मनोज जायसवाल बताते हैं कि पहले हर माह बढ़ते बिजली बिल से घरेलू बजट पर दबाव बढ़ जाता था। किंतु प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से सौर ऊर्जा अपनाने के बाद अब वे न केवल आत्मनिर्भर बने हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी अपनी



भूमिका निभा रहे है। सूर्य की किरणों से अब उनकी घर की छत केवल ऊर्जा का स्रोत नहीं, बल्कि बचत और स्वावलंबन का प्रतीक बन गई है। उनकी यह पहल पाकरगांव सहित आसपास के ग्रामों में नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति जागरूकता का वातावरण निर्मित कर रही है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है। उपभोक्ता स्वयं पोर्टल या पीएम सूर्य घर मोबाइल ऐप, सीएसपीडीसीएल वेबसाइट, मोर बिजली ऐप और टोल फ्री नंबर 1912 के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। उपभोक्ता ऑनलाइन ही अपने पसंद के वेंडर का चयन भी कर सकते हैं।

# पटाखा दुकानों के संचालन को लेकर एडवाइजरी जारी

**रायगढ़।** दीपावली त्यौहार को देखते हुए जिले में संचालित समस्त स्थायी अस्थायी पटाखा दुकानों में आग लगने से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी किया गया है।

जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी, नगर सेना, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि पटाखा दुकान किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे, कपड़ा, बांस, रस्सी, टेंट इत्यादि का न होकर, अज्वलनशील सामग्री से बने टिन शेड द्वारा निर्मित होना चाहिए। पटाखा दुकान एक दूसरे से कम से कम तीन मीटर की दूरी साईड पर एवं एक दूसरे के सामने न बनाई जाए। पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल का लैम्प, गैस लैम्प एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबंधित होना चाहिए। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिश बाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित होना चाहिए। विद्युत तारों में ज्वांइट खुला नहीं होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए, जिससे शार्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बंद हो जाए। दुकाने ट्रांसफार्मर के पास न हो और उनके ऊपर से हाईटेंशन पावर लाईन न गुजरती हो। प्रत्येक पटाखा दुकान में 5 किलो ग्राम क्षमता का डीसीपी अग्निशामक यन्त्र होना चाहिए इसकी मारक का क्षमता 06 फीट की होती हैं। दुकानों के सामने कुछ अन्तराल में 200 लीटर्स क्षमता के पानी के ड्रम की व्यवस्थाए बाल्टियों में बालू भरा होना चाहिए।

# दीपावली के दौरान आगजनी, दुर्घटना से बचने के लिए क्या करें, क्या न करें

**रायगढ़।** दीपावली त्योहार को देखते हुए लोगों को आग की दुर्घटनाओं से सुरक्षित रखने के लिए जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी ने एडवाइजरी जारी करते हुए आगजनी की दुर्घटना से बचने के लिए विस्तृत जानकारी दी है।

लायसेंस प्राप्त विक्रेताओं से ही पटाखा खरीदें यह सुनिश्चित करें, कि आप गुणवत्ता वाले पटाखें खरीद रहे है, जो दुर्घटनाओं के जोखिम को कम करने के लिए अनुमोदित हो। इमारतों वाहनों और ज्वलनशील पदार्थो से दूर पार्क बड़े मैदान जैसे खुले स्थानों में पटाखे जलाएं। पटाखे जलाते समय संभावित आपात कालीन स्थिति के लिये पानी की बाल्टी निकट रखें। आग से संबंधित चोटों के जोखिम को कम करने के लिए सूती वस्त्र पहनने को प्राथमिकता दें क्योंकि सिंथेटिक कपड़े आसानी से आग पकड़ सकते है। पटाखे जलाते समय बच्चों की निगरानी के लिए हमेशा एक व्यस्क को साथ रखें ताकि या सुनिश्चित हो सके कि वे सुरक्षा उपायों का पालन कर रहें है। पटाखे फोड़ने के बाद इस्तेमाल किये गये पटाखों का पानी की बाल्टी से सुरक्षित तरीके से निपटान करें ताकि किसी बची हुई चिंगारी से अग्नि दुर्घटना ना हो। एक बार में एक ही पटाखा जलाए, आग लगने के आशंका को देखते हुए एक साथ कई पटाखे जलाने से बचें। पटाखें में आग लगाने के बाद उससे सुरक्षित दूरी रखें। पटाखा जलाते समय हमेशा हवा की दिशा को ध्यान में रखें जिससे की उसकी चिंगारी घरों या व्यक्तियों की ओर न उड़े।

### स्कूल में तोड़फोड़ व आगजनी के पांच आरोपी गिरफ्तार

**राउरकेला।** नुआगांव ब्लॉक के अंतर्गत पुरनापानी सरकारी उच्च विद्यालय में फर्नीचर में आग लगाने और कंप्यूटर मॉनिटर व मोबाइल चोरी करने के मामले में हाथीबाड़ी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में सोनू बाघेल 36 वर्ष, विकास लाखुआ 28 वर्ष, पुरनापानी चार बैरक, मुना बड़ाइक 27 वर्ष, शुखु राम 33 वर्ष और बुधु राम 19 वर्ष निवासी भोजपुर शामिल हैं। प्रधान शिक्षिका बंदनारानी पटेल की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई।

## राजगांगपुर ब्रिज निर्माण में विलंब बना लोगों के लिए सिरदर्द

**राजगांगपुर।** राउरकेला राजगांगपुर मार्ग पर 2023 में आरंभ हुआ आरएनबी विभाग का तहसील से साप्ताहिक बाजार तक ब्रिज निर्माण कार्य अब तक अधूरा पड़ा है। परियोजना की सुस्ती ने स्थानीय लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। अधिकारियों के निरंतर प्रयासों और सुंदरगढ़ प्रशासन की निगरानी के बावजूद कार्य में तेजी नहीं आ पा रही है। जानकारी के अनुसार यह पुल 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन जिस रफ्तार से काम आगे बढ़ रहा है, उससे तय समय सीमा में पूरा होना मुश्किल



दिख रहा है। निर्माण में रुकावटों का मुख्य कारण जमीन अधिग्रहण में विवाद, राजनीतिक प्रभावशाली व्यक्तियों का हस्तक्षेप और ठेकेदार स्तर की अनियमितताएं मानी जा रही हैं। इस अधूरे निर्माण के चलते इलाके में धूल मिट्टी और जाम की समस्या आम हो गई है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी दयनीय हो जाती है। लोगों का कहना है कि रोजाना उन्हें धूल, दुर्घटनाओं और असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि इस परियोजना के लिए राज्य सरकार की ओर से आर एन्ड बी विभाग पुर्त विभाग हेतु लगभग 20 करोड़ रुपए और रेलवे के प्रोजेक्ट मे 15 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए थे, लेकिन अब तक इस पर 150 करोड़ रुपए से अधिक का खर्च अधिग्रहण मे ही प्रस्तावित व आवंटन दिखाया जा चुका है।

भाजपा मंडल घरघोड़ा में कार्यशाला

# संगठन को मजबूत बनाने व आत्मनिर्भर भारत पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

भारतीय जनता पार्टी मंडल घरघोड़ा द्वारा मंडल कार्यसमिति सम्मेलन 2.0 रिफॉर्म व आत्मनिर्भर भारत अभियान पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रायगढ़ लोकसभा के सांसद राधेश्याम राठिया, भाजपा के जिला महामंत्री विकास केडिया उपस्थित रहे।

भाजपा द्वारा उक्त कार्यक्रम को चार सत्र में किया गया। जिसमें प्रथम सत्र में संगठनात्मक कार्य के विषय पर चर्चा होनी थी, जिसके मुख्य वक्ता भाजपा जिला के उपाध्यक्ष गोकुल नारायण यादव थे। वहीं उक्त सत्र की अध्यक्षता घरघोड़ा नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष विजय शिशु सिन्हा ने की। उक्त सत्र में संगठन के कार्य और संगठन को कैसे मजबूत बनाया जाए के संबंध में जानकारी दी गई। वही द्वितीय सत्र में



वक्ता के रूप में भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री बिना विश्वास तथा इस सत्र की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष सहनु पैंकरा ने की। इस सत्र में महिलाओं के पार्टी में भूमिका व महिलाओं को आगे बढ़ाने में हमारी सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास को बताया वो योजनाओं की जानकारी दी। तृतीय सत्र में वक्ता के रूप में भाजपा जिला के उपाध्यक्ष नरेश पंडा तथा उक्त सत्र की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य मुरली राठिया ने की। उक्त सत्र में श्री पंडा ने 2.0 से आम नागरिकों को होने वाले फायदे के बारे में बताया। इसके बाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद राधेश्याम राठिया व जिला महामंत्री विकास केडिया ने हमारा देश आत्म निर्भर कैसे बने व उस पर हमारा क्या प्रयास हो इस पर प्रकाश डाला। उक्त पूरे कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ राजेश पटेल ने की तथा मंच का संचालन भाजपा मंडल महामंत्री हंस राज गुप्ता ने की। उक्त कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कमला राठिया, कैलाश नायक, राशि बाई राठिया, मोती उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में डोले पटेल, रंजीत कनोजिया, राधे गुप्ता, कुमुदिनी राठिया, सहोदरा भगत, सहोदरा राठिया, रितेश शर्मा, कुंतिला उरांव, लेख सिंह, प्रेम ऐश्वर्य महंत, संदीप सिंह, राजू मरावी, अवधेश ठाकुर, राजेश मित्तल, अनुराधा पैंकरा, राज कुमारी डनसेना, अम्बिका सोनवानी, शशिभूषण सिंह ठाकुर, लीलावती गुप्ता, रेशम महंत सहित कार्यकर्ता व वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

## जशपुर पुलिस, प्रशासन व रेडक्रॉस के संयुक्त प्रयास से बढ़ी जनजागरूकता

**जशपुरनगर।** सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को समय पर सहायता और सही प्राथमिक उपचार मिल सके, इसके उद्देश्य से जशपुर पुलिस और जिला प्रशासन द्वारा जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से संचालित सड़क सुरक्षा मितान प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन पत्थलगांव में हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिले के तीनों अनुभाग जशपुर, कुनकुरी और पत्थलगांव में अलग-अलग चरणों में आयोजित किया गया था, जिसमें 300 से अधिक सड़क सुरक्षा मितानों ने भाग लेकर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

जशपुर जिले में रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में यह अभियान शुरू किया गया। इसके तहत ग्रामीण और शहरी स्तर पर नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए "सड़क सुरक्षा मितान"नियुक्त किए गए हैं। ये मितान लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन कराने, हेलमेट पहनने और सीट बेल्ट लगाने जैसी सावधानियों के लिए प्रेरित करते हैं। सड़क दुर्घटनाओं में कई बार यह देखा गया है कि घायलों को समय पर सही उपचार न मिलने से उनकी जान चली जाती है। ऐसे ही मामलों को ध्यान में रखते हुए पुलिस और प्रशासन ने रेडक्रॉस सोसायटी के साथ मिलकर यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया, ताकि "गोल्डन ऑवर"यानी दुर्घटना के बाद का पहला एक घंटे के दौरान घायल व्यक्ति को तुरंत और सही प्राथमिक उपचार मिल सके।



# हर कोई फैसला लेने के लिए स्वतंत्र : शूजित

**मुंबई।** पिछले कुछ वक्त से अभिनेत्री दीपिका पादुकोण अपने आठ घंटे काम करने की शर्त को लेकर चर्चाओं में बनी हैं। अब दीपिका के प्रोशेनलिज्म और आठ घंटे की शिफ्ट पर निर्देशक शूजित सरकार ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। शूजित ने अभिनेत्री का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि मैं हर व्यक्ति के व्यक्तिगत फैसलों का सम्मान करता हूं। वे क्या करते हैं, इसके लिए वो स्वतंत्र हैं। मुझे नहीं पता कि पूरी कहानी क्या है। हालांकि, दीपिका के आठ घंटों की शिफ्ट को लेकर निर्देशक ने कहा कि कोई बात नहीं।

लाइफ Style



# दिव्या

## तकनीक की बजाय लोगों से मिलिए-जुलिए

दिव्या दत्ता इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्रियों में शामिल हैं। छावा, ब्लैकमेल और भाग मिल्खा भाग जैसी फिल्मों में अपने किरदार से उन्होंने दर्शकों के बीच खास जगह बनाई है। हाल ही में दिव्या दत्ता मेंटल हेल्थ और रिश्तों के महत्व पर बात करती दिखीं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

लगातार बदलती दुनिया और उसमें तकनीक के दखल के बीच उन्होंने मानसिक सेहत को लेकर बात की। दिव्या दत्ता ने मुंबई के बिलाबोंग हाई इंटरनेशनल स्कूल में मानसिक सेहत पर एक सेशन में हिस्सा लिया। दिव्या दत्ता ने तकनीक-प्रेमी दुनिया में रहते हुए जिंदगी में सही संतुलन बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। ऐसी दुनिया जहां अब सेल फोन, चैटजीपीटी और सोशल मीडिया लोकप्रिय हैं, वहां अपनी मेंटल हेल्थ का ख्याल रखना जरूरी है। दिव्या दत्ता ने कहा, 'मुझे लगता है कि हम एक तकनीक-प्रेमी दुनिया में रह रहे हैं, जहां मोबाइल, चैटजीपीटी, एआई और सोशल मीडिया लोगों के बीच बहुत लोकप्रिय हैं। हम लोगों की बजाय मशीनों और अन्य चीजों का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। इसलिए, अपना धैर्य बनाए रखना और जीवन में संतुलन बनाए रखना जरूरी है'। दिव्या दत्ता ने लोगों से मूल बातों पर लौटने की गुजारिश की, जिसमें सोशल मीडिया की मदद के बिना लोगों से मिलना-जुलना और जुड़ना, अपना ख्याल रखना और खुश रहना शामिल हैं। अभिनेत्री दिव्या दत्ता के वर्क फ्रंट की बात करें तो उनकी 'इकोज ऑफ वैलोर' हाल ही में वेनिस फिल्म फेस्टिवल 2025 में प्रदर्शित हुई।

हॉलीवुड मसाला




# नया लुक बना चर्चा का विषय

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री एमी शूमर अपने नए लुक को लेकर सुर्खियों में हैं। अपना वजन घटाने के बाद 44 साल की अभिनेत्री सड़क पर घूमने निकलीं। इस दौरान 'आई फील प्रिटी' की अभिनेत्री ने दो रंगों वाला स्वेटर और जींस पहनी थी। इसमें लग रहा था कि उन्होंने अपना वजन घटा लिया है। अपने लुक को उन्होंने सनग्लास और खुले बालों से कंपलीट किया था। एमी शूमर तब सुर्खियों में आ गईं जब उन्होंने अपने दोस्तों के साथ लास वेगास की हालिया यात्रा की एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की।





# द कॉन्ज्यूरिंगः लास्ट राइट्स ओटीटी पर हुई रिलीज...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर हॉरर फ्रेंचाइजी द कॉन्ज्यूरिंग का आखिरी भाग द कॉन्ज्यूरिंगः लास्ट राइट्स भारतीय सिनेमाघरों में 5 सितंबर को रिलीज हुई थी। इसने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया था। अब यह फिल्म ओटीटी पर भी जलवा बिखरने को तैयार है। हॉरर फिल्म द कॉन्ज्यूरिंगः लास्ट राइट्स भारत के बाहर के प्रशंसकों के लिए ओटीटी पर रिलीज हो गई है। यह फिल्म विदेशी दर्शकअमेजन प्राइम वीडियो, एप्पल टीवी+ और फैंडैंगो पर देख सकते हैं। हालांकि, निर्माताओं ने अभी तक भारत में इस फिल्म की ओटीटी रिलीज की घोषणा नहीं की है। बहुत जल्द भारतीयों के लिए भी यह फिल्म ओटीटी पर मौजूद होने वाली है। द कॉन्ज्यूरिंगः लास्ट राइट्स ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ओवरऑल 100.98 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था।



# हल्की खुशबू से नफरत क्रेजी परफ्यूम से लव

**मुंबई।** 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' से मशहूर हुईं एक्ट्रेस हिना खान ने सोशल मीडिया हैंडल की स्टोरी पर एक खास वीडियो शेयर किया है। इस पोस्ट के जरिए हिना ने खुद को क्रेजी परफ्यूम लवर बताया है। हिना खान ने अपने इंस्टाग्रम हैंडल की स्टोरी पर एक खास वीडियो शेयर किया है। जिसमें मेकअप रूम में तरह-तरह के गहने नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही कई तरह की परफ्यूम भी दिखाई दे रही हैं। इस वीडियो क्लिप में, हिना अपनी वैनिटी में अपने बाल संवारती दिख रही हैं और खुद को रिकॉर्ड कर रही हैं। इस वीडियो के साथ हिना ने कैप्शन में लिखा, 'बस एक और दिन का काम... हां, मैं परफ्यूम की दीवानी हूं, मुझे औसत खुशबू से नफरत है।' हिना की इस पोस्ट में उनके मेकअप आर्टिस्ट भी दिखाई दे रहे हैं। हाल ही में हिना खान ने शादी के बाद अपना पहला जन्मदिन मनाया।



# यश की अगली फिल्म होगी साइंस-फिक्शन...

**मुंबई।** केजीएफ स्टार यश इन दिनों अपकमिंग मूवी 'टॉक्सिक' की शूटिंग में बिजी हैं। पर अभी से ही उनके अगले प्रोजेक्ट की चर्चा शुरू हो गई है। बताया जा रहा है कि वो पीएस मिथ्रन संग साइंस-फिक्शन थ्रिलर मूवी पर बात कर रहे हैं। सबकुछ सही रहा तो 2026 में शूटिंग शुरू होगी। यश इस समय 'टॉक्सिक' की शूटिंग में बिजी हैं। वो कथित तौर पर तमिल मूवी प्रोड्यूसर पीएस मिथ्रन के साथ अपकमिंग प्रोजेक्ट पर बातचीत कर रहे हैं। लेटेस्ट रिपोर्ट्स बता रही हैं कि पीएस मिथ्रन ने एक्सपेरिमेंटल साइंस-फिक्शन थ्रिलर डेवलप किया है और यश इसे लीड करेंगे। खैर। अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। साउथ स्टार यश पहले तमिल फिल्ममेकर पीएस मिथ्रन के साथ अपने अगले प्रोजेक्ट के लिए बातचीत कर रहे थे।

टीवी मसाला



# 7.50 लाख के सवाल पर फंसे पुरव ऑडियंस भी हुई गलत साबित

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 का चिल्ड्रन स्पेशल एपिसोड प्रसारित होना शुरू हो गए हैं। क्विज शो के 6 अक्टूबर के एपिसोड का आगाज नन्हे कंटेस्टेंट पुरव के साथ हुई। वे फास्टेंट फिंगर राउंड में बाकी कंटेस्टेंट को हराकर हॉटसीट पर बैठे। उन्होंने दो लाइफ लाइन गंवा कर शुरुआती दस सवालों का बड़े अच्छे से जवाब दिया। अमिताभ बच्चन भी उनकी समझदारी से इंप्रेस नजर आए। उन्होंने सुपर संदूक राउंड में सात सवालों के सही जवाब दिए, जिससे उन्होंने लाइफ लाइन ऑडियंस पोल जिंदा कर ली। अमिताभ बच्चन ने पुरव से 15 हजार रुपए का बड़ा दिलचस्प सवाल पूछा। अगर आपने हैरी पॉटर की किताबें पढ़ी होंगी, तो इसका जवाब आसानी से दे पाएंगे। सवाल है- 'इनमें से क्या हैरी पॉटर सीरीज की पहली पुस्तक है?' विकल्प हैं- अ. द फिलोजॉफर्स स्टोन ब. द चेम्बर ऑफ सीक्रेट्स. स. द गॉबलेट ऑफ फायर. द. द डेथली हैलोज। पुरव ने विकल्प ए. द फिलोजॉफर्स स्टोन को चुना जो सही है। मगर वह 7.50 लाख रुपए के 11वें सवाल पर अटक गए। उन्होंने जवाब देने के लिए ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया। सवाल है- हाथी के इनमें से कौन से दांत लंबे होकर हाथी-दांत बन जाते हैं? विकल्प हैं। अ. मोलर ब. प्रीमोलर स. कैनाइन द.इनसाइजर। ऑडियंस ने सबसे ज्यादा वोट विकल्प सी. कैनाइन को दिया। पुरव ने ऑडियंस की बात मानी, लेकिन जवाब गलत हो गया। सही जवाब है- इनसाइजर है। जबकि उनके पास एक लाइफलाइन बची थी। वे 5 लाख रुपए जीत कर घर लौटे।

## सारा ने कृष से की रजिस्टर्ड मैरिज

**नई दिल्ली।** टीवी अभिनेत्री सारा खान ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड कृष पाठक से शादी रचा ली है। इस जोड़े ने अपनी शादी की तस्वीरों को सोशल मीडिया पर शेयर कर अपने प्रशंसकों को खुश कर दिया है। सारा ने अपनी शादी की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'एक साथ सीलबंद, दो आस्थाएं। एक पटकथा। बेपनाह प्यार। हस्ताक्षर सीलबंद हैं। 'कुबूल है' से 'सात फेरे' तक, इस दिसंबर में प्रतिज्ञाएं इंतजार कर रही हैं - दो दिल, दो संस्कृतियां, हमेशा के लिए एक। हमारी प्रेम कहानी एक ऐसे मिलन का निर्माण कर रही है, जहां आस्थाएं आपस में मिलती हैं, बिखरती नहीं। क्योंकि, जब प्रेम ही विषय होता है, तो बाकी सब एक खूबसूरत उपकथा बन जाता है। तो हमें अपना आशीर्वाद दें, क्योंकि यह मिलन सभी के लिए है।' मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सारा ने शादी को लेकर कहा, 'जब हम साथ रहने लगे, मुझे कृष की पत्नी जैसा लगा, लेकिन शादी का रजिस्ट्रेशन कराना बहुत खास था।



# इन फिल्मों में दिखी भारतीय वायु सेना के शौर्य की कहानी

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना दिवस हमें याद दिलाता है उन वीर योद्धाओं की, जिन्होंने आसमान की ऊंचाइयों से दुश्मनों के इरादों को ध्वस्त किया। हम उन बॉलीवुड फिल्मों के बारे में जानेंगे, जिनमें भारतीय वायु सेना की वीरता को पर्दे पर उतारा गया है। चलिए देखते हैं उन फिल्मों के नाम।

**स्काई फोर्स** : संदीप केवलानी और अभिषेक अनिल कपूर द्वारा निर्देशित 'स्काई फोर्स' इसी साल 2025 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अक्षय कुमार, वीर पहारिया और सारा अली खान मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म को 1965 के भारत-पाकिस्तान हवाई युद्ध और सरगोधा एयरबेस पर हमले से प्रेरित बताया जाता है। यह कहानी हवाई हमले से पहले की घटनाओं और उसके बाद एक खोए हुए नायक की तलाश पर आधारित है, जिसमें देशभक्ति के जोश और और एक्शन को दिखाया गया है। यह फिल्म भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान को दर्शाती है।




**गुंजन सक्सेना** : 'गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल' भारतीय वायु सेना की एक महिला पायलट गुंजन सक्सेना की सच्ची और प्रेरणादायक कहानी है, जो कारगिल युद्ध के दौरान लड़ाई में भाग लेने वाली पहली महिला पायलटों में से एक थीं। फिल्म में जान्हवी कपूर ने गुंजन सक्सेना का किरदार निभाया है। वहीं, पंकज त्रिपाठी और अंगद बेदी ने सहायक भूमिकाएं निभाई हैं। इस फिल्म में देश के प्रति कुछ कर गुजरने की प्रबल इच्छा को दिखाया गया है। फिल्म का निर्देशन शरण शर्मा द्वारा किया था, जो 2020 में रिलीज हुई थी।

**भुज** : साल 2021 में अभिषेक दुधैया के निर्देशन में 'भुज' फिल्म रिलीज हुई थी। 'भुजः द प्राइड ऑफ इंडिया' फिल्म 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान की कहानी है। इसकी कहानी भारतीय वायु सेना के स्क्वाड्रन लीडर विजय कार्णिक के इर्द-गिर्द घूमती है। वह भुज वायु सेना बेस की कमान संभालते हैं और माधापार गांव की 300 स्थानीय महिलाओं की एक टीम का नेतृत्व करते हैं और मिशन पूरा करने का प्रयास करते हैं। यह फिल्म युद्ध के दौरान भारतीय वायु सेना के जवानों की बहादुरी और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। इस फिल्म में अजय देवगन, संजय दत्त, सोनाक्षी सिन्हा, नोरा फतेही, शरद केलकर, एमी विर्क, इहाना ढिल्लन जैसे कलाकार नजर आए थे।

# सिलाम्बरासन और वेत्रिमारन की नई फिल्म अरासन का ऐलान

**मुंबई।** तमिल सिनेमा के दो दिग्गज नाम- सिलाम्बरासन टी आर और डायरेक्टर वेत्रिमारन एक बार फिर एक प्रोजेक्ट के लिए साथ आने वाले हैं और इस बार उनका यह कोलैब एक नई फिल्म के लिए हुआ है। लंबे समय से 'एसटीआर 49' के नाम से जानी जा रही इस फिल्म का असली नाम आखिरकार सामने आ गया है। फिल्म का नाम है 'अरासन'। मंगलवार को इसका फर्स्ट-लुक पोस्टर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा। फिल्म के टाइटल पोस्टर में सिलाम्बरासन काफी रफ एंड टफ लुक में नजर आ रहे हैं। उनका चेहरा तो ठीक से नहीं दिख रहा है लेकिन ऐसा लग रहा है कि वो काफी तीव्रता के साथ देख रहे हैं। 'अरासन' का मतलब होता है राजा। फिल्म का पोस्टर देखने के बाद यह तो साफ है कि फिल्म में सिलाम्बरासन एक दमदार किरदार निभाने वाले हैं। फिल्म के निर्माता कलाईपुली एस. थानु ने फिल्म का पोस्टर साझा किया। असुरन, वडा चेन्नई और विसरनाई जैसी राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मों के लिए जाने जाने वाले डायरेक्टर वेत्रिमारन इस बार भी बिल्कुल वैसा ही जादू बिखेरने की कोशिश करेंगे। दिलचस्प बात यह है कि निर्देशक ने पहले ही



संकेत दिया था कि अरासन, वडा चेन्नई यूनिवर्स का हिस्सा हो सकता है। इससे यह कयास तेज हैं कि कहानी चेन्नई के अंडरवर्ल्ड और सत्ता की राजनीति के इर्द-गिर्द घूमेगी। फिलहाल मेकर्स ने सिर्फ फिल्म के टाइटल और सिलाम्बरासन के फर्स्ट लुक का खुलासा किया है। बाकी कास्ट और टेक्निकल टीम से जुड़ी जानकारी जल्द सामने आएगी। खबर है कि फिल्म में एक बड़ा कैमियो अभिनेता मणिकंदन का भी होगा, जबकि निर्देशक नेल्सन दिलीपकुमार एक खास सीक्वेंस में नजर आ सकते हैं।

## सुहागिन स्त्रियां व्रत रखती हैं और अपने पति की दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की करती हैं कामना

# पत्नी के साथ ये अभिनेता भी साथ में रखते हैं करवाचौथ का व्रत

मुंबई। करवाचौथ का त्योहार पति-पत्नी के प्यार का प्रतीक है। परंपरा के मुताबिक सुहागिन स्त्रियां इस दिन व्रत रखती हैं और अपने पति की दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करती हैं। कई अभिनेत्रियां भी यह त्योहार मनाती हैं। अब इस त्योहार में एक नया ट्रेंड भी शुरू हो गया है। कुछ पुरुष भी अपनी पत्नी के साथ यह व्रत रखने लगे हैं। इसके उदाहरण फिल्म जगत में भी हैं। कई अभिनेता हैं, जो अपनी पत्नियों के साथ करवाचौथ का व्रत रखकर यह त्योहार सेलिब्रेट करते हैं।

**अभिषेक बच्चन** : ऐश्वर्या राय बच्चन करवाचौथ का त्योहार धूमधाम से मनाती हैं। हर साल वे अभिषेक बच्चन के लिए यह व्रत रखती हैं। वहीं, अभिषेक बच्चन भी अपनी चांद सी पत्नी के लिए यह व्रत रखते हैं और दिनभर भूखे रहते हैं। शाम को चांद के दीदार के साथ दोनों व्रत खोलते हैं।





**राज कुंद्रा** : शिल्पा शेट्टी करवाचौथ सेलिब्रेट करती हैं। हर साल उनका करवाचौथ लुक सोशल मीडिया पर खूब वायरल होता है। दिलचस्प बात यह है कि उनके साथ-साथ पति राज कुंद्रा भी यह व्रत रखते हैं। बिजनेसमैन से एक्टर बन चुके राज कुंद्रा भी शिल्पा शेट्टी के लिए भूखे रहते हैं।



**आयुष्मान खुराना** : अभिनेता आयुष्मान खुराना और ताहिरा कश्यप भी कपल गोल पूरे करते हैं। दोनों की जोड़ी फैंस की पसंदीदा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ताहिरा कश्यप एक बार कुछ मेडिकल कारणों के चलते करवाचौथ व्रत नहीं रख पाई थीं और तब आयुष्मान ने उनके लिए व्रत रखा था।

**विक्की कौशल** : अभिनेता विक्की कौशल और कैटरीना कैफ की जोड़ी फैंस की पसंदीदा है। दोनों कपल गोल्स पूरे करते हैं। जल्द ही दोनों अपनी पहली संतान का स्वागत करेंगे। कैटरीना कैफ भले ही विदेशी धरा पर पली-बढ़ी हैं, मगर उन्होंने भारतीय कल्चर को बखूबी अपनाया है। विक्की कौशल से शादी के बाद वे करवाचौथ का व्रत रखती हैं।



**जय भानुशाली** : इस लिस्ट में एक्टर जय भानुशाली का नाम भी शामिल है। वे भी अपनी पत्नी माही विज के लिए करवाचौथ का व्रत रखते हैं। दोनों साथ-साथ यह त्योहार सेलिब्रेट करते हैं।



## खबर संक्षेप

### हैंडपंप तकनीशियन के लिए आवेदन की तिथि आज

**कटेली।** व्यापम ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के हैंडपंप तकनीशियन के लिए 10 अक्टूबर, जल संसाधन विभाग के अमीन पद के लिए 17 अक्टूबर तक, छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट बिलासपुर में अनुवादक के लिए 21 अक्टूबर की शाम 5 बजे तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। इसी तरह व्यापम ने संचालक मुद्रण तथा लेखन सामग्री रायपुर के कॉपी होल्डर, प्लेट मेकर, ग्रेनिंग मशीन ऑपरेटर, फास्ट डिजिटल प्रिंटर ऑपरेटर, कनिष्ठ सिंगल कलर मशीन ऑपरेटर, सिंगल कलर सीटफेड ऑपरेटर, ट्रेसर, रिटेचर, पेस्टर और जूनियर रीडर के रिक्त पदों पर लिखित भर्ती परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन 15 अक्टूबर को शाम 5 बजे तक आमंत्रित किया है।

### 55 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**कटेली।** कनकबीरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर 55 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम भाटाकोना के दमका जंगल मे अवैध कच्ची महुआ शराब बनाया रहा है। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर एक व्यक्ति को जंगल में कच्ची महुआ शराब बनाते धर दबोचा। पूछताछ में उसने अपना नाम हीरालाल बरिहा पिता जैतराम बरिहा 52 वर्ष निवासी ग्राम भाटाकोना चौकी कनकबीरा बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 55 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 11000 रुपए को जब्त कर लिया है। वहीं उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर उसे रिमांड पर भेज दिया गया है।

### मधुमक्खियों के हमले में वृद्ध की हुई मौत

**राजगांगपुर।** सुंदरगढ़ जिले के कुतरा थाना क्षेत्र के कटंग चौकीदारपाड़ा में सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में 68 वर्षीय वृद्ध की मधुमक्खियों के हमले से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार धराअढ़ा गांव निवासी लियोनार्ड डुंग डुंग 68 किसी कार्य से कटंग गांव की ओर जंगल के रास्ते से जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अचानक मधुमक्खियों का एक बड़ा झुंड उन पर टूट पड़ा। दर्जनों डंक लगने से वृद्ध व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कुतरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर राजगांगपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी भेजा गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस दर्दनाक घटना के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों में भय का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जंगल मार्ग पर चेतावनी संकेत लगाने की मांग की है।

## निधन...

### सत्यवान महानंद

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सतर्कता विभाग के पुलिस अधीक्षक सत्यवान महानंद का 9 अक्टूबर को हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया। राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित इस ईमानदार व समर्पित अधिकारी की असमय मृत्यु से पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत एक सब इंस्पेक्टर के रूप में की थी और अपनी दक्षता से एसपी सतर्कता पद तक पहुंचे। नवरणगपुर, कालाहांडी और नुआपाड़ा जिलों में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई भ्रष्टाचार विरोधी अभियानों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। हाल ही में उनका राउरकेला से कटक स्थानांतरण हुआ था। अपने कर्मनिष्ठ स्वभाव और पारदर्शी कार्यशैली के कारण वे सहकर्मियों में अत्यंत सम्मानित थे। उनके निधन से राज्य पुलिस सेवा को गहरी क्षति पहुंची है।

## 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन

# खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में दिखाया दमखम बस्तर संभाग बना ओवरऑल चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ में आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आज भव्य समापन हुआ। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी पांच संभाग रायपुर, बिलासपुर, बस्तर, सरगुजा और दुर्ग से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। रायगढ़ स्टेडियम में आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। पीटीआई टीम द्वारा मुख्य अतिथि एवं गणमान्य अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। वहीं सेंट जेवियर स्कूल की विद्यार्थियों ने राजस्थानी लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

लोकसभा सांसद श्री राठिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश के खिलाड़ी यहां एकजुट होकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किए, जो जिले के लिए गर्व की बात है। प्रतिभागी खिलाड़ियों की अद्वितीय प्रदर्शन और उत्कृष्ट खेल भावना अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी और साथ ही उन खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहित किया, जो इस बार आगे नहीं बढ़ पाए हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे खेल के साथ साथ अध्ययन और नैतिक मूल्यों में भी उत्कृष्टता हासिल करें, ताकि वे न केवल खेल में बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। लोकसभा सांसद श्री राठिया ने राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सर्वसंबंधितों के प्रति आभार व्यक्त किया।







### अधिकारियों को किया सम्मानित

समापन सत्र में प्रतियोगिता का ध्वज अवतरण किया गया और मुख्य अतिथि द्वारा विधिवत समापन की घोषणा की गई। कार्यक्रम में सहयोग करने वाले विभागों, संस्थान प्रमुखों एवं संबंधित अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.केवी राव ने बताया कि प्रतियोगिता पूर्णतः निष्पक्षता एवं खेल भावना के साथ संपन्न हुई। सभी खिलाड़ियों के लिए आवासीय एवं भोजन व्यवस्था सुचारू रूप से की गई थी। उन्होंने आयोजन में सहयोग देने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, नगर निगम, परिवहन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खाद्य एवं चिकित्सा विभाग सहित सभी सहयोगी संस्थानों का आभार व्यक्त किया।

### बिलासपुर संभाग को मिला अनुशासित टीम का पुरस्कार

कार्यक्रम में अनुशासित टीम का पुरस्कार बिलासपुर संभाग और बेस्ट मार्च पास्ट का पुरस्कार सरगुजा संभाग को प्रदान किया गया, वहीं ओवरऑल चैम्पियन का खिताब 32 अंकों के साथ बस्तर संभाग ने अपने नाम किया। दुर्ग संभाग 22 अंकों के साथ द्वितीय स्थान और बिलासपुर संभाग 16 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहा। समापन अवसर पर विभिन्न खेलों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले टीम को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### प्रतियोगिता का अंतिम परिणाम इस तरह रहा

25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के अंतिम परिणाम वॉलीबॉल बालिका 14 वर्ष अंतर्गत बस्तर संभाग पहला, दुर्ग दूसरा और बिलासपुर तृतीय स्थान पर रहा। इसी तरह वॉलीबॉल बालक 14 वर्ष अंतर्गत बस्तर प्रथम, बिलासपुर द्वितीय और रायपुर संभाग तृतीय, खो-खो बालिका 17 वर्ष अंतर्गत बस्तर प्रथम, बिलासपुर द्वितीय और दुर्ग तृतीय, खो-खो बालक 17 वर्ष अंतर्गत बस्तर प्रथम, दुर्ग द्वितीय और बिलासपुर तृतीय, सॉफ्टबाल बालिका 14 वर्ष अंतर्गत सरगुजा प्रथम, दुर्ग द्वितीय और बस्तर तृतीय, सॉफ्टबॉल बालक 14 वर्ष अंतर्गत बस्तर प्रथम, दुर्ग द्वितीय और रायपुर तृतीय, सॉफ्टबॉल बालिका 19 वर्ष अंतर्गत बस्तर प्रथम, दुर्ग द्वितीय और रायपुर तृतीय, सॉफ्टबॉल बालक 19 वर्ष अंतर्गत दुर्ग प्रथम, रायपुर द्वितीय और बिलासपुर तृतीय, क्रिकेट बालिका 19 वर्ष अंतर्गत रायपुर प्रथम, सरगुजा द्वितीय और बिलासपुर तृतीय स्थान पर रहा।

### समापन अवसर पर ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर नगर निगम के सभापति डिग्रीलाल साहू, अशोक अग्रवाल, सुभाष पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी धनराज मरकाम, डीएमसी आलोक स्वर्णकार, सहायक क्रीड़ा अधिकारी, संभागीय जनरल मैनेजर रवि निकम, मृत्युंजय शर्मा, रामलाल, सोमेश लांबा, जीवन लाल नायक सहित अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच का संचालन राजेश डेनियल ने किया।

## लिंगराज बस की बाइक से टक्कर से दो की मौत, 15 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला



■ गुस्साए ग्रामीणों ने किया सड़क जाम, इलाके में तनाव का माहौल

जिले के लहुनिपाड़ा थाना क्षेत्र के बसुबहाल के पास बुधवार की शाम को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर दो हो गई है। हादसे के बाद पूरे इलाके में तनाव फैल गया और आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया।

मिली जानकारी के अनुसार लिंगराज नामक निजी बस ने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल एक बच्चे को राउरकेला ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। टक्कर के बाद बस अनियंत्रित होकर करीब 10 फीट नीचे सड़क किनारे जा गिरी, जिससे उसमें सवार लगभग 15 यात्री घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से दोषी बस चालक पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## ट्रेलर के कुचलने से मां की मौत बेटा गंभीर रूप से घायल

**राउरकेला।** सुंदरगढ़ ज़िले के कुत्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत राज्य राजमार्ग संख्या 10 पर गड़पोश चौक के पास बुधवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में मां की मौत हो गई, जबकि उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतका की पहचान हिमगीर थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी दिलेस्वरी दास के रूप में की गई है।

सूत्रों के अनुसार दिलेस्वरी अपने बेटे के साथ राउरकेला से बाइक पर घर लौट रही थीं। रास्ते में गड़पोश चौक के पास उनकी बाइक एक तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आ गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दिलेस्वरी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका बेटा गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। जानकारी के मुताबिक, दिलेस्वरी हाल ही में अपने बीमार भाई से मिलने राउरकेला गई थीं, जिनका इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में निधन हो गया था। वह अपने बेटे के साथ लौटते समय इस हादसे का शिकार हो गईं। घटना के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने राज्य राजमार्ग-10 को जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। सूचना मिलते ही कुत्रा थाना पुलिस मौके पर पहुंची, भीड़ को शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस बीच भाग रहे ट्रेलर को बड़गांव पुलिस ने पीछा कर रोक लिया और वाहन को जब्त कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मगरमच्छ का सुरक्षित रेस्क्यू कर छोड़ा गया क्रोक्रोडायल पार्क में

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे ग्राम पंचायत बनारी के अमुर्री तालाब से मगरमच्छ का सुरक्षित ढंग से रेस्क्यू का उसे कोटमीसुनार स्थित क्रोक्रोडायल पार्क में छोड़ दिया गया है। रेस्क्यू करने में वन विभाग एवं स्थानीय ग्रामीण दिनभर जुटे रहे।

ज्ञात हो कि नवागढ़ ब्लाक के ग्राम पंचायत बनारी के अमुर्री तालाब में मंगलवार 7 अक्टुबर को गांव के ही कुछ लोगों के द्वारा करीब 7 फीट का मगरमच्छ देखा गया। इस बात की सूचना ग्रामीणों ने सरपंच एवं वन विभाग की टीम को दी, जिसके बाद टीम गांव पहुंची एवं रेस्क्यू के कार्य में लगी रही। इसके लिए वनविभाग की टीम के द्वारा पिंजडे में मुर्गा रखकर उसे पकड़ने की कवायद में जुटे रहे। वही कड़ी मेहनत एवं स्थानीय लोगों की मदद से आखिरकार बुधवार 8 अक्टुबर को मगरमच्छ का सुरक्षित ढंग से रेस्क्यू कर उसे कोटमीसोनार स्थित क्रोक्रोडायल पार्क में सुरक्षित ढंग से छोड़ दिया गया। बताया जाता है कि ग्राम बनारी के अर्मुरी तालाब में मगरमच्छ मिलने की खबर से लोग दहशत में थे, अब मगरमच्छ पकडे जाने से ग्रामीण सुरक्षित महसूस कर रहे है।



### किया गया है रेस्क्यू

ग्राम बनारी के अमुर्री तालाब में मगरमच्छ होने की सूचना पर वनविभाग की टीम के द्वारा सुरक्षित ढंग से मगरमच्छ का रेस्क्यू कर उसे कोटमी सुनार स्थित क्रोक्रोडायल पार्क में छोड़ दिया गया है।

**होरेशचंद्र शर्मा,**
एसडीओ, वनविभाग चांपा

### शरद पूर्णिमा पर सरस शास्त्रीय संकीर्तन

**पुसौर।** शरद पूर्णिमा के अवसर पर पुसौर के मंदिर चौक के कीर्तन पार्टी ने एक सरस शास्त्रीय संकीर्तन आयोजित किया। जिसमें श्रद्धालुओं ने इसका जमकर आनंद उठाया, वहीं अमृत स्वरूप खीर प्रसाद भी प्राप्त किए। जानकारी के मुताबिक कीर्तन गुरू राजेश थनापति के मार्गदर्शन में पिछले कई वर्षो से लगभग 40 युवाओं का समूह नाम संकीर्तन का प्रदर्शन कर रहा है, जिसमें कई स्थानों में इन्हें अवार्ड भी मिल चुका है। इस समय उक्त कीर्तन समूह में गुरू के साथ-साथ बलराम महाणा, राजू मेहर, तिलक प्रधान, नरेश मेहर का गायकी में स्थान है। वहीं मृदंग में थाप देने मुख्य रूप से तरूण साव हैं। उक्त कार्यक्रम में मुख्य श्रद्धालु के रूप में अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी, पार्षद प्रतिनिधि अंशु साव, पूर्व पार्षद जगन्नाथ प्रधान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पीतावास हत्याकांड के विरोध में वकीलों का उग्र प्रदर्शन

वकीलों का प्रदर्शन ज्ञापन

**राउरकेला।** ब्रह्मपुर में प्रख्यात वकील और ओडिशा राज्य बार काउंसिल के सदस्य पीतावास पंडा की गोली मारकर हत्या के विरोध में राउरकेला वकील संघ ने बुधवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। राज्य बार काउंसिल के आह्वान पर आयोजित इस आंदोलन में राउरकेला बार एसोसिएशन के सभी वरिष्ठ वकील और सदस्य शामिल हुए। बुधवार की सुबह बार एसोसिएशन की आम परिषद की बैठक में इस घटना पर चर्चा कर सर्वसम्मति से कलम छोड़ो आंदोलन में शामिल होने का निर्णय लिया गया।

वकीलों ने रैली निकालकर एडीएम कार्यालय पहुंचे और एडीएम दीना दस्तगीर को मुख्यमंत्री के उद्देश्य से ज्ञापन सौपा। इससे पहले वकीलों की सुरक्षा व हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग पर वकीलों ने उग्र प्रदर्शन किया। आंदोलन का नेतृत्व एसोसिएशन के अध्यक्ष सदानंद साहू ने किया, जबकि उपाध्यक्ष राज किशोर प्रधान, सचिव देबानंद तांती, संयुक्त सचिव हरी डोरा, कोषाध्यक्ष अक्षय सिंहदेव सहित अन्य सदस्यों ने हिस्सा लिया। वकीलों ने आरोपितों को तुरंत गिरफ्तार करने, पीतावास पंडा के परिवार को एक करोड़ रुपए का मुआवजा देने, न्यायिक जांच कराने और राज्य में वकीलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही उन्होंने वकीलों संरक्षण अधिनियम को लागू करने की भी अपील की। इस विरोध प्रदर्शन में अधिवक्ता दीनबंधु भोला, दंडपाणि चौधरी, कैलाश प्रधान, चतुर्भुज नायक, भीमपति, विजय दास, रवि मिश्रा, संतोष भद्र, सुदाम दास, सुषमा साहू, एम मालेश्वरम, अक्षय साहू, गिरिजा शंकर द्विवेदीए सहित दर्जनों अन्य वरिष्ठ वकील शामिल थे।




## स्वदेशी अपना कर भारत को आत्मनिर्भर बनाएं : अरूणधर

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ मंडल में आयोजित सम्मेलन के दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष अरूणधर दीवान ने कहा कि स्वदेशी अपनाए जाने से भारत को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है।



आत्मनिर्भर भारत के महायज्ञ में हर किसी को स्वदेशी को अपनाकर अपनी आहुति देनी चाहिए। धरमजयगढ़ मण्डल के डीपापारा सामुदायिक भवन में संगठन की मजबूती के साथ आर्थिक सशक्तिकरण के संकल्प विषय पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान प्रथम मंडल सम्मेलन एवं 2.0 रिफॉर्म और आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान पर आयोजित कार्यशाला में भी वक्ताओं से अपनी ओज पूर्ण भाषण से कार्यकताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष दीवान के साथ-साथ किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष टीकाराम पहल ने भी की। टीकाराम ने कहा कि मोदी नेतृत्व में भारत शसक्त बन रहा है,आत्मनिर्भर भारत की वजह से यह भारत तेजी से मजबूत हो रहा है। 2.0 रिफॉर्म के वक्ता नरेश कुमार पंडा ने कहा आजादी के बाद ये सबसे बड़ा टैक्स सुधार है जिसका सीधा लाभ आम जनता को होगा। जीएसटी लागू होने से आज तक के सफर की व्याख्या करते हुए श्री पंडा ने कहा सरकार की नियत साफ होती है तब टैक्स देने वाले बढ़ जाते है। मोदी सरकार की नेक नियत का कमाल है कि करदाताओं की संख्या तेजी से बढ़ी है। संगठनात्मक कार्यों की व्याख्या करते हुए गोकुल नारायण यादव ने कहा कि भाजपा के लिए कार्यकर्ता सर्वोपरि हैं और कोई भी लक्ष्य उनकें बिना पूरा नहीं किया जा सकता।

## पुसौर में अब आपरेशन के साथ सफल प्रसव, जच्चा बच्चा सुरक्षित

**पुसौर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुसौर में प्रायः नार्मल डिलवरी ही की जाती थी और जब कभी किसी गर्भवती महिला की स्थिति ठीक नहीं रहती और उसे आपरेशन की जरूरत होती तो उसे रायगढ़ रिफर किया जाता था, लेकिन अब इस तरह की स्थिति से निपटने के लिए एक्सपर्ट डाक्टर आ चुके हैं। जिनके द्वारा सफल आपरेशन कर मां और बच्चे को सुरक्षित रखा जा रहा है, जिससे कई परिवारों के चेहरे खिले हुए हैं।

इसी क्रम में नवमी के दिन ऑपरेशन के माध्यम से सिद्धिदात्री के रूप में कन्या का जन्म हुआ। इसकी शुरुअजा से पुसौर अंचल में एक नए अध्याय का उदय हुआ है। निश्चित ही यह शासन-प्रशासन का आम जनता को हर प्रकार की सुविधा प्रदान करने की कटिबद्धता का जीता जागता उदाहरण है। प्रसव के बाद एक हफ्ते तक स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. रजनी नायक एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डा. विनोद नायक तथा आपरेशन एक्पर्सट डा. दिनेश नायक एवं नर्स स्टफ द्वारा जच्चा बच्चा को निरंतर स्वास्थ्य सुविधा संस्था में ही प्रदान किया गया। इस प्रकार नई स्वास्थ्य सेवाएं पुसौर में ही प्राप्त होने से पूरे अंचल में हर्ष का संचार है। इस कार्य से केवल जनता ही नहीं बल्कि पुसौर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भी बहुत उत्साहित हैं। इस उत्साह के माहौल में नवजात बालिका एवं नव प्रसूता माता को ढोल नगाड़ो बजाकर फूलों की बरसात करते हुए अस्पताल से 8 अक्टूबर को डिस्चार्ज करके विदाई दी गई। ज्ञात हो कि उक्त नवजात बालिका के माता तिलोतमा और पिता नितेश हैं जो ग्राम सूपा के रहने वाले हैं।




### फ्लिपकार्ट ऑफिस का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**कटेली।** सारंगढ़ के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत अज्ञात चोरों ने फ्लिपकार्ट ऑफिस का ताला तोड़कर लाखों की चोरी कर ली। घटन की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। दरअसल ग्राम पिहरा थाना सरिया निवासी चित्रसेन साहू फ्लिपकार्ट आंफिस रायगढ़ रोड कुशल नगर सारंगढ में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। बीती रात वो समान एकत्रित कर नगद राशि 3,52,748 रूपए को लॉकर में रखा और आंफिस बंद कर अपने घर चला गया। दूसरे दिन सुबह 4 बजे पार्सल गाडी वाले फोन इसे कर बताए कि ऑफिस का शटर आधा खुला हुआ है। जानकारी पाकर चित्रसेन आंफिस आकर देखा तो शटर का ताला टुटा हुआ, अंदर जाकर देखा तो आंफिस का कैमरा बंद पड़ा था। अज्ञात आरोपी ने लॉकर तोड़ कर उसमें रखे नगदी 3,52,748 रूपए सहित अन्य सामान कुल कीमती 3,58,586 रूपए को पार कर दिया था। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।



### जर्जर सड़क से राहगीरों को हो रही परेशानी

**कटेली।** बदहाल सड़कों का मायाजाल पूरे प्रदेश में देखा जा रहा है तो इसमें नए जिला बने सारंगढ़ बिलाईगढ़ भला कैसे अछूता रह सकता है। जर्जर सड़क की मरम्मत के लिए मंगलवार को आयोजित जनदर्शन में आवेदन दिया गया कि सारंगढ़ से बिलासपुर रोड में परसदा बड़े तक सड़क में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे निर्मित हो गए हैं। सड़क की स्थिति टूटी-फूटी है, बरसात के दिनों में गड्ढे में भारी मात्रा में पानी भर जाने के कारण यातायात बाधित होता है। वहीं सूखे के दिनों में धूल से राहगीर परेशान नजर आते हैं। वर्तमान में इस मार्ग में स्कूली बच्चों का आना-जाना रहता है और किसान, व्यापारी राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जनपद सदस्य मुकेश साहू व ग्रामवासियों ने जिला कलेक्टर को जनदर्शन में शिकायत कर जल्द ही सड़क सुधार की मांग की गई है।




TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

छत्तीसगढ़ का सर्वप्रथम
लेसर फेशियल
कम दरों में
चेहरे की झुर्रियां, दाग-धब्बे से छुटकारा पाएं, चेहरे में चमक लायें
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411